
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# गंगोत्री से चुनाव लड़ेंगे कर्नल अजय कोठियाल

ऐलान

## उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उत्तरकाशी में ऐलान किया

संवाददाता

उत्तरकाशी। आप के वरिष्ठ नेता कर्नल(सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल गंगोत्री से चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उत्तरकाशी में ये ऐलान किया। उन्होंने कहा कि गंगोत्री सीट का इतिहास है, जो विधायक यहां से जीतता है उसकी ही सरकार बनती है। आपको बता दें कि सिसोदिया उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उत्तरकाशी में वे रैली के साथ रामलीला मैदान में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

उत्तराखंड में चुनाव जैसे–जैसे नजदीक आ रहे हैं, चुनावी सरगर्मियां भी तेज होती जा रही हैं। भाजपा–कांग्रेस समेत सभी दलों ने जनता को अपनी ओर करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। आम आदमी पार्टी भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही वजह है कि समय–समय पर उत्तराखंड के दौरे पर आकर पार्टी के वरिष्ठ नेता आम जन को साधने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया उत्तराखंड के दौरे पर हैं। दौरे के पहले दिन जहां उन्होंने प्रदेश के व्यापारियों से संवाद कर उन्हें साधने का काम किया तो वहीं दूसरे दिन वे उत्तरकाशी में हैं।



उत्तरकाशी दौरे पर पहुंचे मनीष सिसोदिया ने यहां सबसे पहले पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि गंगोत्री सीट से आप पार्टी के सीएम दावेदार कर्नल अजय कोठियाल चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तराखंड में बड़ा विकल्प है। कर्नल कोठियाल जैसा विकल्प आप ने उत्तरकाशी के जनता को दिया है। ये गंगोत्री के साथ–साथ उत्तराखंड के लिए भी बहुत बड़ी खुशखबर है।

सिसोदिया ने कहा कि उत्तराखंड की जनता खुद को 20 सालों से ठगा महसूस कर रही है। यहां के लोगों के बारे में किसी भी राजनैतिक दल ने आज तक नहीं सोचा है। पहाड़ों में स्थिति बहुत खराब है। प्रसूता को एंबुलेंस और अस्पताल न मिलने से परेशानी है।

**जसवंत सिंह की पुण्यतिथि पर पहुंचे शौर्यस्थलः** वहीं, मनीष सिसोदिया बाबा जसवंत सिंह रावत की पुण्यतिथि पर शौर्य स्थल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जसवंत सिंह की पुण्यतिथि 4 गढ़वाल नूरा नाग डे की तरह मनाती है। बतौर अधिकारी कर्नल कोठियाल भी 4 गढ़वाल का हिस्सा रह चुके हैं। इस दौरान सिसोदिया ने नूरा नाग डे पर पूर्व सैनिकों और यूथ फाउंडेशन के लोगों से भी मिले।

**सिसोदिया बोले, यहां आकर मन को बड़ा सुकून मिलाः** मनीष सिसोदिया ने नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में म्यूजियम में पर्वतारोहण से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने दिल्ली में एडवेंचर टूरिज्म से जुड़े बच्चों को संस्थान के जरिए जोड़ने की इच्छा भी जताई। उन्होंने संस्थान के प्राचार्य कर्नल अमित बिष्ट से फोन पर बात की।

## न्यूज डायरी

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रदूषण की चिंताजनक स्थिति पर केजरीवाल सरकार को घेरा

**संवाददाता** दिल्ली में प्रदूषण की चिंताजनक स्थिति को लेकर भाजपा उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेंद्र भसीन ने दिल्ली की केजरीवाल सरकार को घेरते हुए कहा है दिल्ली में केजरीवाल मॉडल के फ्लॉप होने का यह नया उदाहरण है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेंद्र भसीन ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि प्रदूषण सभी नागरिकों और विशेष तौर पर हमारे बच्चों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर डाल रहा है। यह मामला राजनीति से ऊपर का है और इसके समाधान के लिए सभी को एकजुट होकर काम करने की भी आवश्यकता है। इस मामले की उच्चतम न्यायालय में सुनवाई भी हो रही है। लेकिन यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि प्रदूषण नियंत्रण का दावा करने वाली और इस दावे को लेकर करोड़ों रुपए का विज्ञापन देकर प्रचार करने वाली केजरीवाल सरकार धरातल पर प्रदूषण को रोकने में असफल सिद्ध हुई है। उन्होंने कहा कि अगर देश का कोई राज्य प्रदूषण से सर्वाधिक ग्रसित है तो वो दिल्ली है । पराली को लेकर बहुत चर्चायें हुई हैं जिनमें पराली से प्रदूषण फैलने की बात उठाई जाती है।

### 42 साल बाद मोदी सरकार में लागू हुई वन रैंक वन पेंशन

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस भाजपा के द्वारा किये जा रहे एतिहसिक कार्यों को भी उनके कार्यकाल की शुरूआत बता रही है जो कि हस्यास्पद है। वन रैंक वन पेंशन को कांग्रेस काल में बनी योजना पर कांग्रेस के दावे पर उन्होंने कहा कि मामला 1972 से चला आ रहा था, लेकिन इसे लागू होने में पूरे 42 साल लग गये। यह 2014 तक यह लागू नहीं हुआ। इस दौरान कांग्रेस की सरकार सैनिको को गुमराह करती रही। यूपीए सरकार की विदाई के समय उन्होंने वन रैंक, वन पेंशन के लिए महज 500 करोड़ रुपये का प्रावधान कर खानापूर्ति कर दी। जब केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार आई तो वन रैंक, वन पेंशन लागू किया गया। अब तक भाजपा सरकार ने इस योजना के तहत 42 हजार करोड़ रुपये जारी कर चुकी हैं। 20 लाख के लगभग पूर्व सैनिक अब तक इस योजना का लाभ उठा चुके है और उत्तराखंड में भी लगभग 1.16 लाख भूतपूर्व सैनिक लाभान्वित हुए हैं।


कार्यालय सहायक अभियन्ता,
विद्युत/यांत्रिक खण्ड,लोक निर्माण विभाग,
देहरादून।

निविदा सूचना संख्या– 465/निविदा दिनांक– 17.11.2021

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल महादेय, उत्तराखण्ड की ओर से सहायक अभियन्ता वि0/यां0 खण्ड लो0नि0वि0 देहरादून द्वारा निम्नलिखित कार्य की सीलबंद निविदायें दिनांक 27.11.2021 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 19.11.2021 से दिनांक 25.11.2021 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 26.11.2021 को अपरान्ह 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं–

1. कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 11वां वृत्त, लो0नि0वि0, देहरादून।
2. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, वि0/या0 खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून ।
3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, वि0/यां0 खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश ।
4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।

| क्र. स. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य की समाप्ति अवधि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | S.I.T.C. of split A.C at 1st floor fo Main Building at Circuit House Annexi Cantt. Road, Dehradun. | 5,000/– | 500+GST | 60 दिन | 01 माह | मूल निर्माता/ अधिकृत विक्रेता। |

निविदा दिनांक 27.11.2021 को अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, विद्युत यांत्रिक खण्ड, लो0नि0वि0 देहरादून के कार्यालय में खोली जाएगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

सहायक अभियन्ता (वि0/यां0)
वि./यां. खण्ड, लो.नि.वि.
देहरादून।


# डीजीपी ने कोतवाल को सस्पेंड कर जांच बैठाई

**संवाददाता** नैनीताल। नैनीताल के मल्लीताल कोतवाली क्षेत्र के हांडीबांडी की संपत्ति को लेकर दो पक्षों के विवाद का मामला हाई कोर्ट पहुंच गया है। मामले में एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं करने व दूसरे पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के साथ आरोपित की गिरफ्तारी कर उसे जेल भेजने का हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। कोर्ट में एसएसपी के अवकाश पर होने के कारण डीजीपी वर्चुअल पेश हुए और उन्होंने कोतवाल को संस्पेंड करने व उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जानकारी अदालत को दी है।

दो दिन पहले इस संपत्ति के विवाद में कुमाऊं विवि के कर्मचारी नेता कुलदीप सिंह का दूसरे पक्ष के मंजूर हुसैन के साथ विवाद हुआ था। पुलिस ने मंजूर हुसैन के बेटे के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मंजूर की अधिवक्ता बेटी ने यह मामला हाईकोर्ट के समक्ष रखा। मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति आरएस चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में यह मामला सुना गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एसएसपी नैनीताल को तलब किया मगर अवकाश पर होने के कारण डीजीपी नीलेश आनंद भरणे, एसपी जगदीश चंद्र पेश हुए। कोर्ट ने एसएसपी के वर्चुअल पेश नहीं होने पर सख्त नाराजगी प्रकट की तो फिर डीजीपी वर्चुअल पेश हुए। कोतवाल प्रीतम सिंह हाल ही में मल्लीताल नियुक्त हुए थे।



**इस संपत्ति को लेकर है विवाद** नैनीताल में हांडीबांडी क्षेत्र में स्थित केसी चिंगप्पा के नाम एक कोठी थी। उनकी मौत के बाद पॉवर ऑफ अटार्नी वीपी सिंह के नाम हुई। पिछले दिनों उन्होंने संपत्ति का रोहित व केशव से सौदा कर लिया। दस नवंबर को जब रोहित व केशव कोठी में पहुंचे तो पड़ोसी मंजूर हुसैन ने वहां अपना सामान रखा था। यह बात उन्होंने सोसाइटी के सचिव कुलदीप सिंह को बताई।

### बालिका निकेतन की चार अनाथ बालिकाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया गया

**संवाददाता** देहरादून। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्थाओं में से राजकीय बालिका निकेतन देहरादून की चार अनाथ निराश्रित बालिकाओं को आईसीआईसीआईआई फाउंडेशन देहरादून के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय कंपनी वर्धमान बद्दी हिमाचल प्रदेश में पुनर्वासन के क्रम में प्लेसमेंट रोजगार उपलब्ध करवाया गया है। इस उपलक्ष में आईसीआईसीआई फाउंडेशन के द्वारा नारी निकेतन बालिका निकेतन के कैंपस में ट्री प्लांटेशन कराया गया।

### एचडीएफसी बैंक ने की कॉमन सर्विस सेंटर्स के साथ माइक्रो–क्रेडिट सुविधा शुरु

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक ने आज रेहड़ी–फड़ी वालों के लिए एक विशेष माइक्रो–क्रेडिट सुविधा कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) के साथ पीएम स्ट्रीट वेंडर की आत्म निर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) को लॉन्च करने की घोषणा की। यह आत्मानिर्भर भारत के दिशा–निर्देशों के अनुरूप भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है। एचडीएफसी बैंक डिजिटल सेवा पोर्टल पर अपने ग्राम स्तरीय उद्यमियों के लिए पीएम स्वनिधि की सुविधा प्रदान करेगा।

### भविष्य के लिए आवश्यक है मोदी सरकार की नीतियां

**संवाददाता** देहरादून।। 'भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने ज्वालापुर के श्री जी बैंक्विट हॉल में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित किया सम्मेलन की अध्यक्षता उद्योगपति अरुण सारस्वत ने की और संचालन प्रोफेसर डॉ अरविंद नारायण मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने कांग्रेस, आम आदमी पार्टी समेत विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। दुष्यंत गौतम ने कहा कि मोदी जी देश के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है जिस प्रकार कुछ पार्टी आज वोट बैंक की राजनीति कर देश को बांटने का काम कर रहे हैं वही मोदी जी वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र के साथ समाज के सभी वर्गों की सेवा कर रहे हैं। आजाद भारत के बाद यह पहली ऐसी सरकार है जिसने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किए हैं और सरकार के किसी मंत्री पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है।